# कार्यालय, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
## नगरपारा, भागलपुर – 853203 (बिहार)

डॉ0 दीपक कुमार (बि0 शि0 से0)
प्र0 प्राचार्य

M :- ptecnagarpara17@gmail.com
:- www.ptecnagarpara.org.in


पत्रांक.....455/

नगरपारा, दिनांक 28.04.25

**पुर्नकोटेशन (दर उद्धरण) आमंत्रण सूचना सं0 02 वर्ष 2025–26**

प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, नगरपारा, भागलपुर में निम्नलिखित कार्य हेतु अद्योहस्ताक्षरी पत्रांक 413 दिनांक 11.04.2025 द्वारा कोटेशन (दर उद्धरण) आमंत्रित की गयी थी। निर्धारित तिथि तक उक्त कार्य हेतु एक भी कोटेशन प्राप्त नहीं होने के कारण निम्नरूपेण पुर्नकोटेशन (दर उद्धरण) आमंत्रित की जाती है। :–

प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, नगरपारा, भागलपुर में वित्तीय वर्ष 2025–26 में दिनांक 15 अप्रैल 2025 से सेवाकालीन शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण संचालित है। प्रशिक्षण के सुचारू संचालन हेतु मैनेजमेन्ट मद के सामग्रियों की आवश्यकता होती है। निदेशक SCERT के पत्रांक 682 दिनांक 21.02.2025 में मैनेजमेन्ट मद के सामग्रियों की सूची अंकित है।

अतः प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, नगरपारा, भागलपुर में मैनेजमेन्ट मद के सामग्रियो (सूची निम्नांकित अंकित) की आपूर्त्ति हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। सामग्री उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक दुकानदार/एजेन्सी को निदेशक SCERT के पत्रांक 143 दिनांक 10.01.2025 के आलोक में उपलब्ध करायी गयी सामग्री की सूची में अंकित दर अथवा उससे कम तथा जो सामग्री उक्त पत्र में अंकित नहीं है उसका दर अपने स्तर से उपलबध कराना होगा। सबसे न्यूनतम एवं वांछित सामग्री (गुणवत्तायुक्त) दर वाले प्राप्त कोटेशनदाता को उक्त कार्य हेतु कार्यादेश निर्गत किया जायेगा। यदि न्यूनतम दर वाले कोटेशनदाता के साथ अनुबंध किसी कारणवश नहीं हो पाता है तो उसके बाद कम दर वाले कोटेशनदाता का चयन कर कार्यादेश दिया जायेगा। कोटेशनदाता को PAN Card, GST एवं Aadhar Card की सत्यापित प्रति जमा करना होगा। इच्छुक दुकानदार/आपूर्तिकर्त्ता पत्र निर्गत तिथि से तीन दिनों तक (अवकाश के दिनों को छोड़कर) अपना कोटेशन महाविद्यालय में समर्पित कर सकते हैं। स्थानीय दुकानदार/भेण्डर को उक्त दर उद्धरण में प्राथमिकता दी जायेगी। उपलब्ध करायी गयी सामग्री सूची के अनुरूप अथवा गुणवत्तापूर्ण नहीं रहने पर वापस कर दी जायेगी। उपलब्ध कराये गये सामग्री का विपत्र प्रशिक्षण सामप्ति के उपरान्त प्रति बैचवार उपलब्ध कराना होगा, तथा उपलब्ध कराये गये विपत्र का भुगतान उक्त बैच के प्रशिक्षण मद में आवंटन प्राप्त होने के बाद ही किया जायेगा। विस्तृत जानकारी हेतु महाविद्यालय कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

| क्र0 | मैनेजमेन्ट मद के सामग्री की सूची | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | बैनर, I-Card, Certificate, दवाई, साबुन, झाड़ू, फिनाईल, बाल्टी, जग, हैण्डवाश, मच्छरदानी, ऑल आउट, मच्छर अगरबत्ती, लॉयजाल, फोटो कॉपी, अखबार, अध्ययन सामग्री, A4 Size paper, Plain Paper, Report, Printer Cartage, Writing publication, card board, sticky notes, Sound system projector, Battery, Chart paper, Marker, Duster, colour pencil, खल्ली, जेनरेटर डीजल, अन्यान्य | |

Rajesh Kumar 28.04.25
वरीय व्याख्याता
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर

प्रभारी प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर

ज्ञापांक.....455/नगरपारा, दिनांक.....28.04.25

प्रतिलिपि :– श्री राकेश रंजन, उच्च वर्गीय लिपिक–सह–चेकर/श्री प्रकाश कुमार, लिपिक–सह–मेकर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आंतरिक समिति के सभी सदस्यों/प्रशिक्षण प्रभारी को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– श्री केतन कन्हैया, Accountant Assistant, PTEC NAGARPARA भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– निदेशक, SCERT पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

Rajesh Kumar 28.04.25
वरीय व्याख्याता
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर

प्रभारी प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर